तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 1 मई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



3 ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल-जल योजना का लाभ




## खबर संक्षेप

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा की सूरजपुर में सभा 4 को

**अम्बिकापुर।** तीसरे चरण के चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सूरजपुर विधानसभा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।



सरगुजा लोकसभा सह संयोजक अखिलेश सोनी ने बताया कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा की जनसभा 4 मई को सूरजपुर में होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 1 और 2 मई को क्रमशः सीतापुर और सामरी विधानसभा में तथा 3 मई को प्रेमनगर विधानसभा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज लेंगे पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ता की बैठक

**अम्बिकापुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव 1 मई को सरगुजा प्रवास पर आ रहे है। इस दौरान वे भाजपा कार्यालय में लोकसभा कोर कमेटी के सदस्यों तथा पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे इस दौरान वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे।



### इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की मतदाता जागरूकता रैली आज

**अम्बिकापुर।** सरगुजा के मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 1 मई को विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के निर्देशन में विशाल रैली निकाली जाएगी। प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने बताया कि कॉलेज के यूजी एवं पीजी के छात्र सभी विभागाध्यक्ष एवं फैक्लटी बाइक रैली के साथ मतदान के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। रैली सुबह 10:30 बजे इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर डिगमा से प्रारम्भ होगी तथा प्रतापपुर चौक कलेक्टर निवास, गुदरी चौक, संगम चौक, घड़ी चौक, कलेक्टोरेट परिसर से साई कॉलेज होते हुए डिगमा पहुंचकर समाप्त होगी।

### कलेक्टर ने दो शस्त्र लाइसेंस को किया निलंबित

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर थाने में लाइसेंसी हथियार जमा नहीं करने के मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने दो लोगों के शस्त्र लाइसेंस को आगामी आदेश तक के लिए निलंबित कर दिया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तहत सरगुजा में 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाने के उपरान्त कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर द्वारा आदेश जारी कर शस्त्र रखने और जमा करने के नियमों का उल्लंघन करने वालों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शस्त्रधारियों को आयुध अधिनियम 1959 की धारा 21 के तहत अपने आग्नेय शस्त्र सीमित समय के लिए नजदीकी थाने में जमा करने होते हैं। एमजी रोड रावत रेसीडेंसी निवासी श्रीमती अंजुम फिरदौसी तथा बौरीपारा निवासी एएसए टीरू द्वारा इस नियम का उल्लंघन कर निर्धारित समय में शस्त्र नजदीकी थाने में जमा नहीं कराया गया है जिसपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके शस्त्र लाइसेंस को नवीनीकरण नहीं किए जाने की अनुशंसा की गई। शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन करने पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से श्रीमती अंजुम फिरदौसी तथा एएसए टीरू के शस्त्र लाइसेंस आगामी आदेश तक निलंबित किया गया है।

# विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद अब होगा भीषण गर्मी से सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तीन दिनों पूर्व सक्रिय पछुआ विक्षोभ सरगुजा से विदा हो गया है लेकिन अभी उसका प्रभाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इधर 3 मई को उत्तर भारत में एक नए विक्षोभ की आहट है जिसका प्रभाव 5 मई को सरगुजा में दस्तक देने का अनुमान है। विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद आगामी 3-4 दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने के साथ ही दिन के तापमान में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होने का अनुमान है। पछुआ विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था। रविवार एवं सोमवार को भी पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकली लेकिन दिन का तापमान 40 के नीचे रहने के कारण गर्मी से कुछ राहत रही। मंगलवार को दोपहर बाद पश्चिम की तेज रफ्तार हवाओं के साथ भीषण गर्मी पड़ी तथा दिन का तापमान 40.5 डिग्री पर पहुंच गया। इसके पूर्व 19 अप्रैल को दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। अपैल के महीने में बीच-बीच में तीन पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुए। इस दौरान गर्मी भी पड़ी लेकिन विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम चलता रहा जिसके कारण गर्मी से कुछ राहत भी मिली। मई के महीने में सरगुजा में भीषण गर्मी पड़ती है। पड़ोसी राज्यों में भीषण गर्मी के साथ गर्म हवा के थपेड़े चलने के कारण अब मध्य भारत में भी भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी आगामी 3-4 दिनों तक चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही तापमान में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना जता रहे हैं। मौसम विज्ञानी इस दौरान कन्वेक्टिव एक्टिवटीज के तहत शाम में आसमान पर गरजने वाले बादल बनने का भी अनुमान लगा रहे है। आसमान पर अभी भी छिटपुट बादल हैं जो भीषण गर्मी के कारण बन रहे हैं। मई के महीने में भीषण गर्मी पड़ने के कारण दिन का तापमान 42 डिग्री पहुंच जाता है। रात के तापमान में भी अप्रत्याशित वृद्धि होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गर्मी के तेवर शुरू हुए तो मई के प्रारम्भ में ही दिन का तापमान 42 डिग्री के ऊपर पहुंच सकता है। इस संबंध में मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ठ ने बताया कि आगामी 3-4 दिनों तक सरगुजा सहित संपूर्ण मध्य भारत में गर्मी बढ़ने एवं दिन के तापमान में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होने का अनुमान है।

**पारा पहुंचा 40 डिग्री के ऊपर, 4-5 दिन पड़ेगी भीषण गर्मी, तापमान में 2-3 डिग्री की वृद्धि होने का अनुमान**

### कम हो जाती है आर्द्रता

मौसम विज्ञानी के आंकड़ों के अनुसार सरगुजा में मई के महीने में दिन का औसत तापमान 30.8 एवं रात का 25.2 डिग्री सेल्सियस है। चिलचिलाती धूप निकलने एवं भीषण गर्मी पड़ने के कारण वातावरण की आर्द्रता सूखकर 42 से 28 प्रतिशत के मध्य पहुंच जाती है। विक्षोभ के प्रभाव से मई में कई बार अच्छी वर्षा भी हुई है। मौसम कार्यालय द्वारा वर्ष 2013 में 25 मई को दिन का तापमान 44.8 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो अब तक का सर्वाधिक तापमान है वहीं वर्ष 1987 में 4 मई को सर्वाधिक कम न्यूनतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। वर्ष 1990 में मई के महीने में सर्वाधिक 140.8 मिमी वर्षा वहीं 25 मई 1999 के दिन 24 घंटे में सर्वाधिक 58.4 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी।

### विक्षोभ से मिलेगी राहत

मौसम अधिकारियों के अनुसार आगामी 5 मई को सक्रिय होने वाले पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से गर्मी से राहत मिलने का अनुमान है। हालाकि पछुआ विक्षोभ अभी काफी दूर है। विक्षोभ के उत्तर भारत में दस्तक देने के बाद ही इसकी ताकत व प्रभाव का अंदाजा लगेगा। पछुआ विक्षोभ कमजोर होने की स्थिति में भी मौसम को प्रभावित करेगा।

## 275 करोड़ का संभावित प्राकलन किया गया तैयार

# संभाग मुख्यालय में सिम्स की स्थापना के लिए बढ़ाया गया कदम, भेजा गया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में मेडिकल कॉलेज के बाद अब सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्थापना की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सिम्स की स्थापना हेतु अनुमानित बजट का प्राकलन तैयार कर राज्य सरकार को भेजा गया है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा मूल प्रस्तावित निर्माण कार्य व उपकरण व्यय में कुल 275 करोड़ रुपए की मांग की गई है। हालांकि यह सिर्फ एक अनुमानित लागत है और शासन से सिम्स की स्वीकृति मिलने के बाद अधिकृत एजेंसी द्वारा वास्तविक प्राकलन तैयार किया जाएगा लेकिन अब इस पहल से सरगुजा जैसे आदिवासी अंचल में सुपर स्पेशलिटी की सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है। बता दें कि सरगुजा एक दूरस्थ आदिवासी अंचल है। सरगुजा संभाग के अंतर्गत संभाग मुख्यालय के साथ ही सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, एमसीबी जैसे जिले आते है जहां चिकित्सा को लेकर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध नही है। हृदय रोग, ब्रेन हेमरेज, सड़क दुर्घटना जैसे मामलों में गंभीर मरीजों को मजबूरन रायपुर, बिलासपुर रिफर करना पड़ता है। सुपर स्पेशलिटी की सुविधा नही होने के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरगुजा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद चिकित्सा सुविधा में विस्तार हुआ है लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों व उपकरणों की कमी आज भी सरगुजा में खलती है।

**खास बात**

- भविष्य में मिलेगी सुपर स्पेशलिटी की सुविधा



बैठक का प्रस्ताव बनाते अधिष्ठाता व विभागाध्यक्ष।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए 118 करोड़ की जरूरत

बता दें कि सरगुजा में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का कार्य भी जारी है। मेडिकल कॉलेज के भवन व अन्य निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है लेकिन राशि के आभाव में अस्पताल भवन के निर्माण का कार्य शेष है। मेडिकल कोलज के 600 बेड के अस्पताल निर्माण हेतु अतिरिक्त 118 करोड़ की जरूरत है। इस राशि के लिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा पूर्व में कई बार शासन को पत्र लिखा गया है। उम्मीद थी कि नई सरकार कस बजट में मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन निर्माण के लिए राशि जारी हो जाएगी लेकिन बजट में इसका प्रावधान नही किया गया और ना ही कोई राशि जारी हुई। भवन निर्माण पूर्ण होने से संभाग एक सर्व सुविधायुक्त अस्पताल मिलेगा जो वर्तमान में संभाग की सबसे बड़ी जरूरत है।

### बैठक के बाद बनाया गया प्रस्ताव

राज्य शासन द्वारा संभाग मुख्यालय में सिम्स की स्थापना के लिए भवन निर्माण हेतु 40 करोड़ व उपकरण खरीदी के लिए 10 करोड़ का प्रावधान किया गया था। शासन से पत्र जारी होने के बाद राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से अधिष्ठाता डॉ. आर मूर्ति की अध्यक्षता में सभी विभागाध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिम्स की स्थापना के लिए भवन निर्माण, पदों के सृजन, उपकरण खरीदी, अन्य सेटअप के साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन निर्माण के लिए राशि हेतु चर्चा की गई। चर्चा उपरान्त प्रस्ताव व प्राकलन आयुक्त चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से राज्य शासन को भेजा गया है।

### तैयार किया गया अनुमानित प्राकलन

आरएसडीकेएस शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सिम्स) की स्थापना के लिए कुल 275 करोड़ रुपए का अनुमानित प्राकलन तैयार किया गया है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा सुपर स्पेशलिटी सुविधा के लिए मूल प्रस्तावित भवन निर्माण की लागत 120 करोड़, 7 वर्षों में 35 प्रतिशत की दर से वार्षिक वृद्धि 42 करोड़ के साथ 162 करोड़ रुपए। इसके साथ ही उपकरण में अनुमानित व्यय 85 करोड़ व 7 वर्षों में 35 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर 28 करोड़ के साथ 113 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मेडिकल कॉलेज द्वारा इसमें विभागीय पदों के सृजन के साथ ही पीजी व यूजी के प्राध्यापकों के पद व अन्य कार्य शामिल है।

### 300 बिस्तर का होगा सिम्स

बताया जा रहा है कि सिम्स अस्पताल 300 बिस्तर का होगा। इसमें 272 बेड के साथ ही 28 आईसीयू बेड का प्रावधान किया गया है। सिम्स में मेडिकल, सर्जिकल, ऑर्थो, न्यूरो समेत 18 विभाग संचालित होंगे। वहीं अधिकारियों का कहना है कि सिम्स के लिए अलग से भूमि का आबंटन किया जाएगा। सरगुजा कलेक्टर ने भी चर्चा के बाद सिम्स निर्माण के लिए भूमि आबंटन की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

शासन द्वारा पत्र जारी किए जाने के बाद सिम्स की स्थापना के लिए संभावित प्राकलन तैयार किया कर आयुक्त चिकित्सा शिक्षा के पास भेजा गया है। सिम्स की स्वीकृति व स्थापना के बाद सरगुजा अंचल में चिकित्सा शिक्षा के साथ ही चिकित्सकीय सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

-डॉ. आर मूर्ति, अधिष्ठाता
आरएसडीकेस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय



ई-रिक्शा में नम्बरिंग कराते यातायातकर्मी।

# ऑटो, ई रिक्शा में होगा सरल क्रमांक दर्ज करना होगा चालक का नाम नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में चलने वाले ई रिक्शा, ऑटो, जीप जैसे सार्वजनिक आवागमन के माध्यमों का हिसाब अब सरगुजा पुलिस रखेगी। सरगुजा पुलिस द्वारा इन वाहनों के नम्बरिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है और ऑटो, ई रिक्शा व जीप चालकों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। चालकों के आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे है ताकि किसी प्रकार की घटना होने पर समय रहते कार्रवाई की जा सके। बता दें कि शहर में ऑटो, जीप के साथ ही ई रिक्शा की तादाद में तेजी से इजाफा हुआ है। बड़ी संख्या में दीगर राज्यों से चालक आकर यहां वाहन चला रहे है और उनका कोई रिकार्ड पुलिस के पास नहीं है। पूर्व में ऐसे मामले आए है जिसमें आपराधिक किस्म के लोग बाहर से आकर सरगुजा में छिपे थे। ऐसे में अब पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से ई रिक्शा, ऑटो, जीप चालकों की जानकारी सूचीबद्ध करने अभियान चलाया गया है। सार्वजनिक वाहनों पर सरल क्रमांक नंबर लिखवाए जा रहे है और चालकों के नाम एवं मोबाइल नंबर दर्ज करने के साथ ही वाहनों पर भी उनके नाम नंबर बड़े बड़े अक्षरों में अंकित कराए जा रहे है। पुलिस की इस पहल से किसी भी प्रकार की घटना होने पर सरल क्रमांक से पूरी जानकारी पुलिस के पास पहुंच जाएगी। वहीं पुलिस द्वारा बाहर से आने वाले वाहन चालकों की जानकारी का संधारण किया जा रहा है और उनके गृहग्राम, हाल मुकाम, फिंगर प्रिंट लिए जा रहे है। पुलिस द्वारा चालकों के आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे है।

- पुलिस ने चलाया अभियान, दूसरे राज्यों से आने वाले चालकों की जानकारी की जा रही एकत्रित

# स्नान करने के दौरान क्वारी में डूबने से युवक की मौत

**बिश्रामपुर।** क्वारी में स्नान करने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल टूए कालोनी के पीछे फिल्टर प्लांट के समीप गोरखनाथपुर निवासी 19 वर्षीय मुसब सिद्दीकी पिता इमरान सिद्दीकी मंगलवार की शाम करीब पांच बजे घर से गांगीकोट लोहा पुलिया के पास स्थित खुली खदान के क्वारी में अपने चचेरे भाई व अन्य साथियों के साथ जाकर स्नान कर रहा था। तभी अचानक युवक गहराई में जाने से डूब गया। युवक के डूबने की सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस, परिजन व अन्य लोग घटना स्थल पहुंच गए। यहां पर काफी मशक्कत उपरांत युवक को क्वारी से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक इंजीनियरिंग की पढ़ाई किया था। मंगलवार को पहली बार युवक उक्त घटना स्थल पर गया था। घटना की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य केंद्र में देखते ही देखते लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। मामले में अब बुधवार को पीएम होने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया जाएगा। साथ ही पुलिस द्वारा मामले में आगे की विवेचना शुरू की जाएगी।



# बालिका ने गढ़ी अपहरण की झूठी कहानी, 20 घंटे से अधिक पुलिस रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संदिग्ध परिस्थितियों में मिली बालिका के अपहरण की कहानी झूठी निकली। 20 घंटे की जांच और बयान के बाद पुलिस ने बालिका की पहचान कर ली है। बच्ची वाड्रफनगर के बरती कला की रहने वाली है और घर से भागकर आई थी। बच्ची के गुमशुदगी का मामला चौकी में दर्ज है। बता दें कि सोमवार की रात गांधीनगर थाना अंतर्गत नमनाकला शनिमंदिर के समीप 13-14 वर्ष की बालिका संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद की गई थी। बालिका ने प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को जो बातें बताई थी उसके बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया था। बालिका ने पुलिस को अपने बयान में बताया था कि वह घर के पास खेल रही थी और कुछ लोग उसे जबरन अपने पिकअप में पकड़कर बैठा लिए और उसे इंजेक्शन लगा दिए। बालिका बेहोश हो गई थी और फिर जब उसकी नींद खुली तो पिकअप में दो तीन और लड़कियां मौजूद थी। बालिका ने पिकअप से कूदकर भागने की जानकारी पुलिस को दी थी जिसके बाद से ही गांधीनगर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। रात का समय होने के कारण बालिका को बालिका गृह में रखा गया था। जांच के दौरान पुलिस को कोई भी संदिग्ध पिकअप नहीं मिला था इसके साथ ही बच्ची के शरीर पर कूदने से खरोंच चोट के निशान नहीं थे। वहीं बच्ची अपना नाम पता नहीं बता पा रही थी जिसके बाद यह मामला संदिग्ध हो गया था। बालिका अपना बयान बार बार बदल रही थी जिसके कारण पुलिस टीम पूरे दिन परेशान रही। अंततः देर शाम बालिका ने अपनी सच्चाई बताई जिसके बाद बालिका की शिनाख्त कर ली गई। बालिका बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर चौकी अंतर्गत बरतीकला गांव की रहने वाली है। बालिका सोमवार की दोपहर लगभग 3 बजे बिना बताए घर से भाग गई थी। बालिका के परिजन ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा धारा 363 के तहत अपराध कायम कर जांच की जा रही थी। अब बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर पुलिस की टीम बालिका को लेकर जाएगी जिसके बाद घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी।

- घर से भागकर आई थी बालिका, देर शाम की गई पहचान

### कर ली गई है पहचान

बच्ची की शिनाख्त कर ली गई है। बालिका बिना बताए घर से चली गई थी जिसके बाद वाड्रफनगर चौकी में गुमशुदगी का मामला दर्ज है। पुलिस को वाड्रफनगर पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

## सीआरपीएफ व स्टेट आर्म्ड फोर्स की 10 कंपनियां होगी तैनात

# शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने पहुंचा केंद्रीय सुरक्षा बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। सरगुजा में केंद्रीय रिजर्व बल व स्टेट आर्म्ड फ़ोर्स आसाम, छत्तीसगढ़ आर्म्ड फ़ोर्स की कुल 9 कंपनियां पहुंच चुकी है। चुनाव कराने के लिए पहुंचे जवानों का सरगुजा पुलिस द्वारा स्वागत करने के साथ ही उनके रुकने व भोजन पानी की व्यवस्था की गई। बता दें कि आम चुनाव के तहत 7 मई को तीसरे चरण में सरगुजा संसदीय सीट के लिए मतदान होना है। मतदान के दौरान पुलिस के साथ ही केंद्रीय सुरक्षा बलों, आर्म्ड फोर्स के जवानों को पोलिंग बूथ की सुरक्षा का जिम्मा दिया जाता है। संवेदनशील व नक्सल दृष्टि से अति संवेदनशील मतदान केंद्रों में भी बड़े पैमाने पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाते है जबकि जबकि के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा भी केंद्रीय बलों के जिम्मे होती है। ऐसे में सात मई को होने वाले मतदान से पहले जिलों में मतदान से पहले सुरक्षा बलों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। सरगुजा में लगभग दस कंपनियों के आने की बात कही जा रही है और बीती रात तक कुल 9 कंपनियां सरगुजा पहुंच चुकी है। इनमें सीआरपीएफ बटालियन की 6 कंपनी, स्टेट आर्म्ड फोर्स आसाम पुलिस की 2 व स्थानीय छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स की 1 कंपनी शामिल है। वहीं दसवीं कंपनी भी देर शाम तक सरगुजा पहुंच गई थी। चुनाव कराने के लिए पहुंची केंद्रीय सुरक्षा बल व आर्म्स फोर्स की टीम का स्थानीय स्तर पर पुलिस अधिकारीयों द्वारा स्वागत किया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा केंद्रीय सुरक्षा बलों का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया साथ ही केंद्रीय बलों के ठहरने हेतु जिले मे उचित व्यवस्था की गई हैं। सम्बंधित थाना-चौकी प्रभारियों को केंद्रीय बलों से लगातार सम्पर्क बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं। आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान मे केंद्रीय बलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी, संवेदनशील मतदान केन्द्रो मे केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान लगातार एरिया डोमिनेशन कर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखेंगे।



# घर में काम करने वाली नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** घर में रहकर काम करने वाली नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने और फिर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने बुजुर्ग आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुन्नी चौकी पुलिस के अनुसार नाबालिग लखनपुर के कुन्नी चौकी अंतर्गत ग्राम बिनिया निवासी कौरु पटेल के घर में रहकर काम करती थी। इस दौरान 13 जनवरी को कौरु पटेल ने नाबालिग से जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया और फिर उसने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद नाबालिग डरी सहमी हुई थी। बाद में नाबालिग ने परिजन को घटना की जानकारी दी जिसके बाद परिजन द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई। शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस घटना की जांच कर रही थी और जांच उपरान्त पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बिनिया निवासी 70 वर्षीय कौरु पटेल को पकड़ने के साथ ही उससे पूछताछ की। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है जिसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी को धारा 354, 354 (क), 376, 506, 511 व पोक्सो एक्ट की धारा एवं 3(1)(डब्लू), एससी-एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी सउनि राजेश्वर महंत, आरक्षक आंनद गुप्ता, महेन्द्र राजवाड़े, गोविन्द टोप्पो, विकाश शामिल रहे।





# झूठे आरोप लगाकर छवि धूमिल करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों के स्टार रवि किशन को अपना पिता बताने वाली महिला ने डीएनए टेस्ट की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया है और मामले में कुछ भी ऐसा नहीं पाया जिससे टेस्ट की जरूरत पड़े। अब इस पर रवि किशन की ओर से बयान आया है कि इन लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस केस में जिन-जिन लोगों ने छवि धूमिल करने का प्रयास किया है उन सबको जेल जाना होगा। इसमें जो भी बड़े-बड़े नाम शामिल हैं उनमें से किसी को भी माफ नहीं किया जाएगा और वो आरोप लगाने वाली महिला भी जल्द ही जेल जाएगी। गोरखपुर से वर्तमान सांसद रवि किशन को अपना पिता बताकर उनके डीएनए टेस्ट की अर्जी लगाने वाली महिला शिनोवा शुक्ला को अदालत से फटकार मिली है।

लाइफ Style



# जैस्मीन
## इस साल शादी करेंगी अली गोनी से

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अली गोनी और जैस्मीन भसीन अपने 'बिग बॉस' के दिनों से ही हमारा दिल जीत रहे हैं। हमने घर में रहने के दौरान दोनों के बीच का प्यारा रिश्ता देखा, जिससे पता चला कि कैसे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई।

आख़िरकार, जैस्मीन और अली ने नेशनल टेलीविजन पर एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इज़हार किया और जल्द ही लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। जब वे दोनों अपने डेटिंग फेज का भरपूर आनंद ले रहे हैं, उनसे अक्सर उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा जाता है। इस बार अली ने इस पर रिएक्ट किया है। जैस्मीन भसीन और उनके बॉयफ्रेंड अली गोनी पिछले कुछ सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बता दें, जैस्मीन और अली पहली बार मुंबई एयरपोर्ट पर मिले थे, जब वे 'खतरों के खिलाड़ी' की टीम के साथ अर्जेंटीना के लिए रवाना हो रहे थे। हालांकि, बिग बॉस 14 के घर के अंदर उनके रहने के बाद से उन्हें एक-दूसरे से प्यार हुआ और वे तब से एक साथ हैं। वे कई म्यूजिक वीडियो में एक साथ दिखाई दिए हैं और उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। जहां हर कोई जैस्मीन भसीन और अली गोनी की शादी के बारे में जानने के लिए एक्साइटेड है, वहीं अली गोनी ने हाल ही में अपनी शादी के बारे में एक बड़ा संकेत दिया है। 'इंस्टेंट बॉलीवुड' के साथ अपनी बातचीत के दौरान, अली ने खुलासा किया कि उनकी मां उन्हें और जैस्मीन को शादी करने के लिए कह रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जेनिफर ने दिखाया एक्शन का दम

मुंबई। जेनिफर लोपेज स्टारर एटलस का टीजर पिछले महीने रिलीज किया गया था , जो ऑडियंस को खूब पसंद आया था। अब फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो गया है। जेनिफर लोपेज को आपने कई किरदार में देखा होगा, लेकिन साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर में एक्ट्रेस पहली बार नजर आएंगी। ट्रेलर में जेनिफर लोपेज छा गई हैं। जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। साल 1993 में डेब्यू करने वाली जेनिफर ने तीन दशक के करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है।



# कैसेंड्रा नोवा है डेडपूल एंड वुल्वरीन की पॉवरफुल बॉल्ड विलेन..

**मुंबई।** डेडपूल एंड वुल्वरीन का मारवल के फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के साथ लोगन का सात साल का वनवास खत्म होगा। 2017 में आई लोगन में वुल्वरीन की मौत दिखाई गई थी। हालांकि ट्रेलर आने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इस सुपरहीरो फिल्म की विलेन को लेकर है जो डेडपूर और वुल्वरीन दोनों के छक्के छुड़ाते नजर आ रही है। वुल्वरीन के फैंस खास तौर पर जश्न मना रहे हैं, क्योंकि इस 2017 में आई 'लोगन' में वुल्वरीन की मौत दिखाई जा चुकी है। अब सात साल बाद मारवल का यह दिलचस्प किरदार बड़े पर्दे पर वापसी कर रहा है। ट्रेलर में डेडपूल यानी वेड विल्सन और वुल्वरीन यानी लोगन के बीच की नोकझोंक फैंस को खूब पसंद आ रही है, मगर ट्रेलर के अंत में एक अन्य किरदार पर निगाहें थम जाती हैं। इसे बेहद ताकतवर बाल्ड कैरेक्टर को देखकर जहन में सवाल उठना लाजिमी है।



# आयशा की सादगी देख यकीन नहीं होता

**नई दिल्ली।** रजा मुराद का सख्त सा चेहरा, कठोर सी आंखें और उनकी भारी भरकम आवाज ही फिल्मी दर्शकों को दहलाने के लिए काफी होती थी। उनकी ये आवाज ही उनकी पहचान बन गई। रजा मुराद मशहूर एक्टर मुराद के बेटे हैं। मुराद ने भी दशकों तक फिल्म इंडस्ट्री में काम किया। इस दौरान वो दिलीप कुमार, पृथ्वीराज कपूर जैसे कई उम्दा सितारों के साथ नजर आए। लेकिन परिवार की ये फिल्मी विरासत बेटी को नहीं मिली। रजा मुराद की बेटी उनके साथ इंस्टाग्राम पर तो दिखाई देती हैं, लेकिन फिल्मी पर्दे पर दिखाई नहीं दी। रजा मुराद की बेटी का नाम है आयशा मुराद। आयशा मुराद को आप रजा मुराद के इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरों में देख सकते हैं। रजा मुराद अक्सर अपने परिवार के साथ तस्वीरें पोस्ट करते है जिसमें वो अपनी पत्नी, बेटी और बेटे के साथ दिखाई देते हैं।



# राकेश जिम में करते हैं जी तोड़ मेहनत

**नई दिल्ली।** सिल्वर स्क्रीन पर आप एक्टर्स और एक्ट्रेसेज की फिटनेस के बड़े फैन होते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपना लुक मेंटेन करने के लिए इन्हें कितनी मेहनत करनी पड़ती है। ये मेहनत केवल यंगस्टर्स ही नहीं करते बल्कि सीनियर एक्टर्स भी खुद को फिट रखने के लिए और पब्लिक लाइफ में रहने के लिए खासी मेहनत करते हैं। फिलहाल राकेश रोशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राकेश जिम में जी तोड़ मेहनत करते नजर आ रहे हैं। 74 साल के राकेश का जिम शेड्यूल देखकर उनके बेटे ऋतिक रोशन भी हैरान रह गए। ऋतिक रोशन भी रह गए हैरानऋतिक ने पापा की तारीफ करते हुए उनकी रील शेयर की और लिखा, मतलब कैसे !!! हाउ? अनबिलीवेबल पापा।

## टीवी मसाला

# कपिल शर्मा के शो में देओल ब्रदर्स ने की जमकर मस्ती

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा एक बार फिर अपनी टीम के साथ वापसी कर चुके हैं। कपिल शर्मा टीवी के बाद अब ओटीटी पर कदम रख चुके हैं। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में हर हफ्ते लोगों को हंसाने के लिए नेटफ्लिक्स पर आ जाते हैं। अब आने वाले एपिसोड में देओल ब्रदर्स यानी सनी देओल और बॉबी देओल आने वाले हैं। शो का प्रोमो आ गया है जिसमें कपिल शर्मा सनी देओल और बॉबी देओल के साथ मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों ही एक्टर्स को उनकी फिल्म गदर 2 और एनिमल की सक्सेस के लिए सभी ने बधाई भी दी और देओल ब्रदर्स ने कई राज भी खोले हैं।



### कपिल ने लिए काशीपुर वाले निराला बाबा के मजे

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का ये नया प्रोमो वीडियो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस वीडियो में कपिल शर्मा बॉबी देओल के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं।वीडियो में देखा जा सकता है कि आश्रम के काशीपुर वाले बाबा को लेकर बॉबी देओल के साथ कपिल शर्मा ने जमकर मस्ती की। कपिल कहते हैं- 'हम समझ गए जीवन का असली सुख आश्रम में ही है'। जिसके जवाब में बॉबी कहते हैं- 'लड्डू खाने हैं तो आ जाओ मेरे पास'। इसके जवाब में कपिल कहते हैं- पाजी लड्डू खाने में किसी को कोई प्रॉब्लम नहीं है लेकिन लड्डू खाने के बाद आप जो हरकतें करते हो ना... कपिल की ये बात सुनकर सभी लोग जोर-जोर से हंसने लगते हैं।

### सनी देओल ने पापा धर्मेंद्र की बताई बात

उसके बाद सनी देओल वीडियो में बताते हैं।पापा कहते हैं आओ मेरे साथ बैठो दोस्त बनों। मैं बोलता हूं- पापा मैं आपको दोस्त बनकर बात बताऊंगा तो आप फिर पापा बन जाते हो। इस वीडियो को देखकर ही लग रहा है ये शो काफी मजेदार होने वाला है। जिसमें सुनील ग्रोवर भी बॉबी और सनी के साथ ढेर सारी मस्ती करेंगे। बता दें द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आखिरी एपिसोड में आमिर खान आए थे। जिसमें उन्होंने अपनी फैमिली, पर्सनल लाइफ और काम को लेकर ढेर सारी बातें की। साथ ही उन्होंने फैंस को ऐसी बातें बताईं जो शायद ही पहले किसी को पता होंगी।

# अक्षय के करियर को हॉरर फिल्म से ट्रैक पर लाएंगे प्रियदर्शन!

**मुंबई।** प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की सुपरहिट जोड़ी अब 14 साल बाद फिर साथ आने वाली है। प्रियदर्शन ने अक्षय के साथ अपनी नई फिल्म अनाउंस की है और साथ ही यह भी बताया है कि वह किस सब्जेक्ट पर आधारित होगी। प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ 'हेरा फेरी', भागमभाग', 'भूल भुलैया' और 'गरम मसाला' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। प्रियदर्शन ने बताया कि वह अभी तक वह अपनी डॉक्यू-सीरीज पर काम कर रहे थे, जो राम मंदिर के इतिहास पर बनी है। उन्होंने कहा, 'अब जब मैंने राम मंदिर के इतिहास पर अपनी डॉक्यू-सीरीज पूरी कर ली है, तो मैं अब अक्षय के साथ अपनी सबसे महत्वपूर्ण फिल्म पर काम शुरू कर रहा हूं।



# गोवा, यूरोप व श्रीलंका समेत इन खूबसूरत जगहों पर हुई है 'कंगुवा' की शूटिंग



**नई दिल्ली।** स्टूडियो ग्रीन और सूर्या शिवकुमार द्वारा मैग्नम ओपस 'कंगुवा' के टीजर रिलीज के बाद से इसने हर जगह काफी उत्साह पैदा कर दिया है। इस शानदार टीजर में वह सब कुछ है, जो इसे हॉलीवुड प्रोडक्शन के लेवल का बनाता है: एक्सपर्टाइज, क्रिएटिव थिंकिंग, कंटेंट की ओरिजेनिलिटी, जबरदस्त बैकग्राउंड स्कोर और एक्जिक्यूशन टीजर ने देश भर में दीवानगी को बढ़ा दिया है। सभी को टीजर बहुत पसंद आ रहा है और दर्शक धमाकेदार एक्शन देखने का इंतजार कर रहे हैं।बॉबी देओल जहां इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।वहीं सूर्या वीर योद्धा के किरदार में हैं, जिनके बीच जबरदस्त संग्राम देखने मिलने वाला है।

### एक्शन सीन्स के लिए की 60 दिन की शूटिंग

कंगुवा बेशक इस साल आने वाली सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने इसे दर्शकों के लिए ना भूलने वाला अनुभव बनाने के लिए हर तरह की मुमकिन कोशिश की है। फिल्म दो अलग-अलग समय, अतीत और वर्तमान की कहानी कहती है। इसलिए उन्होंने इसे दुनिया भर में रीयल लोकेशस पर फिल्माया है। फिल्म को खास बनाए रखने के लिए मेकर्स ने इसे गोवा, यूरोप और श्रीलंका जैसी खूबसूरत जगहों पर फिल्माया है। उन्होंने वहां 60 दिन शूटिंग की, खास तौर पर एक्शन सीन्स के लिए।350 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म के कुछ अहम हिस्से चेन्नई के पास और यहां तक कि पांडिचेरी में भी फिल्माए गए हैं. हाल ही में मेकर्स केरल और कोडईकनाल के जंगलों में सूर्या के साथ एक महत्वपूर्ण सीन को फिल्माया। पिछले अक्टूबर में, मेकर्स ने पूरी टीम के साथ बैंकॉक में तीन हफ्ते के शेड्यूल में शूटिंग की थी।

## 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पहुंचा आखिरी पायदान पर

*मुंबई। टीवी टीआरपी की लिस्ट दर्शकों की पसंद और नापसंद पर निर्भर करती है। इन दिनों 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सितारे गर्दिश में हैं। ये सीरियल लुढ़ककर सबसे नीचे पहुंच गया है। 'उड़ने की आशा' ने टॉप 5 में अपनी जगह बना ली है। जैसे फिल्मों के लिए बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट तय करती है कि फिल्म हिट हुई या फ्लॉप, उसी तरह ब्रॉडकास्टिंग ऑडियंस रिसर्च काउंकिल की तरफ से टीवी सीरियल्स के लिए हर हफ्ते एक रिपोर्ट जारी होती है, ये बताती है कि कौन-सा सीरियल राज कर रहा है और किसे दर्शकों ने सिरे से नकार दिया है यानी नापसंद कर दिया है। 16वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ चुकी है और ये 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के फैंस के लिए बुरी खबर लेकर आई है। लेटेस्ट टीआरपी रिपोर्ट के मुताबिक, 'उड़ने की आशा' सीरियल ने टॉप 5 में अपनी एंट्री कर ली है। दूसरी तरफ रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' हर बार की तरह इस बार भी टॉप पर अपनी जगह बनाए हुए है।*

### अनुपमा ने इस हफ्ते मारी बाजी



अनुपमा सीरियल 2.4 रेटिंग के साथ टीआरपी लिस्ट में टॉप पर है। दर्शकों को शो का नया ट्रैक पसंद आ रहा है। वहीं, हिबा और कुशाल अहूजा के 'झनक' ने दूसरे नंबर पर अपना कब्जा जमा लिया है। इस शो को 2.2 रेटिंग मिली है।'ये रिश्ता क्या कहलाता है' सीरियल ने इस बार सरप्राइज दिया है। 1.9 की रेटिंग के साथ समृद्धि शुक्ला औ रोहित पुरोहित के शो को तीसरा स्थान मिला है।

### 'गुम है किसी के प्यार में' एक नंबर लुढ़का

शक्ति अरोड़ा स्टारर 'गुम है किसीके प्यार में' सीरियल टॉप 3 से लुढ़ककर अब चौथे नंबर पर खिसक गया है। इसकी रेटिंग 1.9 है। कंवर ढिल्लन और नेहा हरसोना के 'उड़ने की आशा' ने भी उड़ान भरी है। इसने 1.5 की रेटिंग के साथ टॉप 5 में जगह बना ली है।



### 'तारक मेहता...' को लगा झटका

कलर्स टीवी के माइथोलॉजिकल सीरियल 'शिवशक्ति' को नंबर 6 और साईं निकेतन-अद्रिजा रॉय स्टारर 'इमली' को सातवां स्थान हासिल हुआ है। 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर है। दिलीप जोशी के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को झटका लगा है। ये लुढ़ककर 10वें नंबर पर पहुंच गया है।



# *सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर लापता लेडीज का धमाका*



***नई दिल्ली।** किरण राव द्वारा निर्देशित जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस की लापता लेडीज ने अपनी थियेटर रिलीज के साथ ही लोगों का दिल जीत लिया है। दर्शकों और आलोचकों ने फिल्म की अच्छी तरह से संरचित कहानी, मनोरंजन, सामाजिक संदेश, मुख्य कलाकारों के अभिनय और निर्देशन की खूब प्रशंसा की और यह साल की सबसे पसंदीदा और सकारात्मक समीक्षा वाली फिल्मों में से एक बन गई। अपने बेहतरीन थियेटर रन के बाद इस बहुचर्चित फिल्म को डिजिटल रिलीज पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।*

*दर्शकों ने पूरे सोशल मीडिया पर फिल्म के लिए प्यार की बाढ़ ला दी और वे इसकी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। हर तरफ से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने फिल्म को सोशल मीडिया पर 'टॉप 10' ट्रेंडिंग इंडियन मूवीज की सूची में नंबर 1 स्थान दिलाने में मदद की। डिजिटल रिलीज के बावजूद, फिल्म अभी भी कई सिनेमाघरों में चल रही है और शानदार गति बनाए हुए है।*

*दर्शकों की ओर से आने वाली हर प्रतिक्रिया से यह साफ पता चलता है कि किरण राव और उनकी बेहतरीन कहानी और निर्देशन ने सभी के दिमाग पर क्या असर छोड़ा है। आमिर खान प्रोडक्शंस की इस फिल्म ने दर्शकों को अपनी असीमित हंसी से बांधे रखा है। फिल्म में कॉमेडी और मनोरंजन का तड़का तो है ही, साथ ही यह देश की महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी प्रकाश डालती है।*

*, 'लापता लेडीज' किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है और इसकी पटकथा अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। कहानी और संवाद स्नेहा देसाई द्वारा लिखे गए हैं, जबकि अन्य डायलॉग दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखे गए हैं।*

## खबर संक्षेप

### इस बार श्रमिक दिवस पर नहीं होगा ट्रेड यूनियन कौंसिल का कार्यक्रम

**अंबिकापुर।** ट्रेड यूनियन कौन्सिल छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 मई को दशकों से श्रमिक महासम्मेलन



आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष लोकसभा चुनावों के मध्य 1 मई की तिथि होने के कारण ट्रेड यूनियन कौन्सिल ने श्रमिक महासम्मेलन का कार्यक्रम चुनाव आचार संहिता के परिपालन के परिपेक्ष्य में स्थगित कर दिया है। ट्रेड यूनियन कौन्सिल के प्रांताध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन से जुड़े अनेक कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में संलग्न हैं एवं कौन्सिल से जुड़े श्रमिकों की अपनी अपनी विभिन्न राजनीतिक विचारधारा है। ऐसे में आयोजन किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के संपन्न हो जाने के उपरांत इस कार्यक्रम को किसी अन्य रूप में किया जाएगा, इसकी यथा समय जानकारी सभी को दे दी जाएगी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**अम्बिकापुर।** मैनपाट क्षेत्र से पत्थलगांव की ओर जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम गोर्रापारा निवासी बसंत उर्फ राम मांझी आ. कमल प्रसाद मांझी (29 वर्ष) गत दिन रिश्तेदार ओम प्रकाश के साथ किसी काम के सिलसिले में नर्मदापुर क्षेत्र में आए थे। शाम को दोनों बाइक से वापस घर जाने लगे और जैसे ही नर्मदापुर स्थित मॉडल स्कूल के समीप मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल नर्मदापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने दोनों युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बसंत की मौत हो गई वहीं घायल ओम प्रकाश का उपचार चल जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### आधे-अधूरे निर्माण कार्य ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

# ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल-जल योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल घर में ही मिल सके इसके लिए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पानी टंकी निर्माण कर पाइप लाइन का विस्तार कर घरो में नल कनेक्शन लगाए जा रहे है। विकासखंड बतौली क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया गया परंतु कई ग्राम पंचायत ऐसे है जहां आज भी ग्रामीण नल जल योजना से वंचित है जिसमें ग्राम पंचायत बासेन भी शामिल है। आलम यह है गांव में एक हैंड पंप है लेकिन जल स्तर नीचे चले जाने से अब हैंड पंप ने भी पानी उगलना बंद कर दिया है। ऐसे में गांव के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इधर ग्रामीणों के घर के सामने नल व चबूतरा बना दिया गया परंतु पानी सप्लाई नहीं होने के कारण नल व चबूतरा सहित पानी टंकी मात्र शो पीस बन कर रह गई है।

**खास बात**
- नल जल योजना से ग्रामीण वंचित

ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने का सपना अधूरा नजर आ रहा है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों में काम लगभग दो साल पूर्व से ही शुरू कर दिया गया है लेकिन अधिकारियों के उदासीन रवैया एवं ठेकेदारों के मनमानी के कारण आज तक ग्रामीणों के घरों तक पेयजल के लिए नल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गौरतलब है कि बतौली विकासखंड अंतर्गत पोकसरी, सेदम, कपाट बहरी, बालमपुर, सुवारपारा, बासेन, मंगारी सहित कई ग्राम पंचायतों में आज तक काम पूरा नहीं हो सका जिससे आधे-अधूरे काम होने से क्षेत्र के ग्रामीण नल जल योजना का लाभ से वंचित है। ग्राम पंचायत बासेन के आश्रित ग्राम पथरई बढ़ईपारा में पिछले वर्ष नल जल योजना के तहत सिंगल विलेज जलप्रपात योजना अंतर्गत 53.37 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी एवं ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन देने का काम शुरू किया गया। हितग्राहियों के घर के सामने नल जल योजना अंतर्गत 7.30 हजार रुपए की लागत से पानी सप्लाई के लिए नल कनेक्शन व चबूतरा तो बना दिया गया लेकिन आज भी ग्रामीण नल से पानी उगलने की आस में बैठे है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब होगा यह तो आने वाले समय पर निर्भर है।



पानी टंकी के पास एकत्रित ग्रामीण।



घन के सामने लगाए गए नल।

#### हैंड पंप नहीं उगल रहा पानी

ग्राम पंचायत बासेन के आश्रित ग्राम पथरई बढ़ईपारा में पिछले महीने भर से हैंडपंप से पानी निकलना बंद है जिससे गांव में पेयजल संकट गहराने लगा है। गांव के ठाकुर, रवि, मुकेश, श्यामजीत सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में लोगों को एक किलो मीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोग अपनी जरूरत के अलावा गाय, बैल को भी एक किमी दूर से पानी ढो ढो कर पिलाने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि घर में नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई होती तो आज इस तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।

#### शो पीस बना चबूतरा

विकासखंड बतौली क्षेत्र में नल जल योजना का काम शुरू होने तथा घरों के सामने नल के साथ चबूतरा का निर्माण करने से ग्रामीणों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने की आस जगी। हैरानी की बात यह है कि चबूतरा के साथ नल तो लगा दिया गया परंतु पेयजल सप्लाई नहीं होने से चबूतरा महज शो पीस बन कर रह गई है।

#### जल्द होगी पानी सप्लाई शुरू

विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम में नल जल योजना की सप्लाई हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्राम पथरई में भी जल्द ही नलों में पानी सप्लाई शुरू किया जाएगा।

-कपिल वर्मा
पीएचई अधिकारी



## सेवानिवृत्त शिक्षक व प्रधान पाठक को पीपीओ देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

डीईओ राम ललित पटेल के निर्देश तथा बीईओ भानु प्रताप चंद्राकर के प्रयास से सेवानिवृत्ति तिथि को पेंशन प्रकरण एवं स्वत्वों का निराकरण करते हुए अजबनगर स्थित माध्यमिक शाला के शिक्षक उदयनाथ कुशवाहा एवं जोबगा स्थित प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्रीमती बसंती सिंह, प्रधान पाठक पहाड अमोनरनी विनय सिंह, नागेश्वर प्रसाद कुशवाहा प्राशा कन्या बंजा एवं अजीजुल रहमान माशा कन्या बंजा विकासखंड भैयाथान को पीपीओ प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीईओ द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों के अनुभवों का विभाग को लाभ मिलता रहे ऐसी शुभकामना दी। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी भैयाथान घनश्याम सिंह एवं विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय से लेखापाल देवेंद्र कुमार साहू, जिला शिक्षा कार्यालय से हुलेश्वर गुप्ता, शैलेंद्र सिंह उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति पर सहायक लाइनमेन को विद्युत विभाग द्वारा दी गई विदाई



**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी बिश्रामपुर में सहायक लाइन मेन के पद पर पदस्थ झम्मन राजवाड़े मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति पर विद्युत विभाग के अधिकारियों व सह कर्मियों द्वारा उनको विदाई दी गई। जानकारी के अनुसार विद्युत वितरण कंपनी बिश्रामपुर में वर्ष 1996 से पदस्थ सहायक लाइनमेन झम्मन राजवाड़े अपनी 62 वर्षों की सेवा देकर 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए। सहायक लाइन मेन झम्मन राजवाड़े की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सहायक कनिष्ठ अभियंता प्रतीक बरा, जेई केमिल केरकेट्टा, साजिद शेख के अलावे विजय एक्का, भागवत त्रिपाठी, विकास तिवारी, नेहा सिंह व समस्त स्टॉप उपस्थित थे।

### एसईसीएल के दस कोल कर्मी हुए सेवानिवृत्त

एसईसीएल बिश्रामपुर के विभिन्न खदान क्षेत्रों में पदस्थ दस कोलकर्मी मंगलवार 30 अप्रैल को कंपनी की सेवा से सेवानिवृत्त हो गए।सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों में अमेरा ओसी से राजेंद्र नाथ यादव,गणेश रजवार आमगांव ओसी से गोपाल दास,गायत्री खदान से रामानुज, कुमदा सात आठ खदान से विनोद कुमार सिंह, रेहर खदान से अनूप साय, सोमार साय, वैद्यनाथ पैकरा,विजय कुमार, रीजनल वर्क शॉप से भुनेश्वर प्रसाद साहू के नाम शामिल हैं।

## डीएवी में तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन



**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित त्रिदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला, प्रथम चरण का 29 अप्रैल को समापन हुआ।उक्त कार्यशाला में अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन आदि विषयों एवं एल.के.जी. से दूसरी कक्षा तक के लिए ई.ई.डी.पी. कार्यशाला में डीएवी. पब्लिक स्कूल भटगांव, बिश्रामपुर, पांडवपारा, मोनेट रायगढ़, कोरबा, गेवरा, कुसमुंडा, अकलतरा , चिरीमिरी, हुडको भिलाई, सेक्टर-2 भिलाई, छाल, सोनाडीह, बिलासपुर, नंदिनी, जामुल, मोनेट रायपुर, अंतागढ़ एवं दल्लीराजहरा सहित कुल 19 डीएवी स्कूलों से कुल 152 अध्यापक-अध्यापिकाएं और विविध विषयों के 30 विषय विशेषज्ञ मोलिका मुखर्जी , विषय समन्वयक रसायन विज्ञान, ए.आर.ओ व प्राचार्य डीएवी स्कूल भटगांव, के. डी. शर्मा , विषय समन्वयक हिंदी व संस्कृत, ए.आर.ओ. व प्राचार्य डीएवी स्कूल छाल, एस के पांडे , विषय समन्वयक गणित, प्राचार्य डीएवी स्कूल चिरमिरी, पंकज भारती , विषय समन्वयक अंग्रेजी, प्राचार्य डीएवी स्कूल पांडवपारा, प्रदीप प्रसाद विषय समन्वयक विज्ञान, प्राचार्य डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल सकरिया सम्मिलित हुए। कार्यशाला के समापन सत्र का शुभारंभ डी.ए.वी. गान से किया गया। इस अवसर पर वेन्यू इंचार्ज एच के पाठक ने अपना उद्बोधन दिया। पंकज भारती, विषय समन्वयक अंग्रेजी व प्राचार्य डीएवी स्कूल पांडवपारा ने अनुभव साझा करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी कार्यशाला से विभिन्न विषयों के शिक्षक - शिक्षिकाएं विषय संबंधी अनेक समस्याओं का निराकरण प्राप्त कर पाते हैं और संबंधित विषय के नवाचार से अवगत होते हैं। वे तकनीकी ज्ञान भी अर्जित करते हैं जिससे विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं एवं शिक्षण कौशल का भी विकास होता है। एस के पांडेय विषय समन्वयक गणित व प्राचार्य डीएवी स्कूल चिरमिरी ने अपने उद्बोधन में सुव्यवस्थित एवं सफल कार्यशाला आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि क्षमता संवर्धन कार्यशाला निश्चित रूप से शिक्षकों में कौशल विकास एवं तकनीकी ज्ञान व स्वयं को संबंधित विषय में अपडेट रखने के लिए अत्यावश्यक होता है। सभी विषय विशेषज्ञों के अपनी कड़ी मेहनत से विषयगत अनेक समस्याओं का समाधान कर शिक्षकों को नवप्रवर्तन से अवगत कराया। विषय विशेषज्ञों नवीन शर्मा सीनियर सेकेंडरी विज्ञान, डॉक्टर गीता सिंह सेकेंडरी हिंदी, बी पी मेहता मिडिल अंग्रेजी, सुल्ताना सिद्दीकी, प्राइमरी स्तर, ज्योति सिंह, ईईडीपी ने अपने अनुभव में उक्त त्रिदिवसीय कार्यशाला को सभी प्रशिक्षार्थी अध्यापक-अध्यापिकाओं के लिए अधिगम प्रक्रिया, कौशल विकास, ज्ञानार्जन एवं तकनीकी कौशल की दृष्टिकोण से व्यावहारिक, सार्थक एवं औचित्यपूर्ण बताया। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के लिए अधिक अत्यधिक प्रभावी एवं लाभदायक बताया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यशाला के विषय समन्वयकों, प्राचार्यों एवं विषय विशेषज्ञों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया और सभी प्रशिक्षार्थी अध्यापक-अध्यापिकाओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका फिरदौस खान ने किया। कार्यशाला आयोजन को सफल बनाने में समस्त विद्यालय परिवार बिश्रामपुर का सक्रिय योगदान रहा। वरिष्ठ हिंदी अध्यापक ए एम चौबे के द्वारा आभार ज्ञापन एवं सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का समापन किया गया।

### कीटनाशक पीने की अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बसंतपुर निवासी बालेश्वर बेग्वंशी आ. कौलेश्वर बेग्वंशी (28 वर्ष) सोमवार को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। पुत्र की हालत अचानक बिगड़ जाने पर मां निरासो बाई ने घटना की जानकारी नाती सूरज को दी। सूरज अन्य रिश्तेदार साथ दादी के घर आया तो देखा चाचा बालेश्वर अचेत हालत में पड़ा हुआ था। भतीजे सहित परिवार के लोगों ने उसे तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आपातकालीन केंद्र में चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम त्रिपुरी सरना टोली निवासी भज्जन राम भगत आ. महजित भगत (25 वर्ष) 25 अप्रैल की सुबह 9 बजे चिल्का लोमरा खेत में लगे सब्जी फसल में पानी पटा रहा था। इसी दौरान युवक ने अचानक कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल संजीवनी 108 से कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द कर दिया है।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड** CSPDCL
**(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)**
**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी**

क्र./कार्य. यंत्री/शहर/स्था./ गो./306, अम्बिकापुर, दिनांक 29-04-24

प्रति,
**श्री मनोज कुमार तिग्गा,**
**परि. श्रेणी-3 (ला), आत्मज स्व. खिस्तो दास,**
**बिशुनपुर रेलवे लाइन के पास,**
**अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) पिन नं.-497001**

विषय : कारण बताओ सूचना।
संदर्भ : 1. इस कार्यालय का पत्र क्र. 1182 अम्बिकापुर दिनांक 18.08.2020
2. इस कार्यालय का पत्र क्र. 1769 अम्बिकापुर दिनांक 12.10.2020
3. इस कार्यालय का पत्र क्र. 1953 अम्बिकापुर दिनांक 02.11.2020
4. इस कार्यालय का पत्र क्र. / कार्य. यंत्री /शहर/स्था. / गो./2481 अम्बिकापुर दिनांक 06.10.2023
5. सहायक यंत्री (शहर) पूर्वी जोन अम्बिकापुर का पत्र क्रमांक/1669 अम्बिकापुर दिनांक 06.11.2023
6. इस कार्यालय का पत्र क्र./कार्य. यंत्री/शहर/स्था./गो./2873 अम्बिकापुर दिनांक 09.11.2023

आप दिनांक 21.04.2014 से निरंतर बिना किसी पूर्व सूचना एवं सक्षम अधिकारी से पूर्वानुमति प्राप्त किए ही अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं । जिससे यह स्पष्ट होता है कि आप कंपनी के कार्यों को करने में उदासीनता बरत रहे हैं।

सक्षम अधिकारी के पूर्वानुमति के अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहना कदाचरण की श्रेणी में आता है जो कि मानक स्थायी आदेश (Standard standing order 12 (p)) का उल्लंघन है।

अत: आपको अंतिम अवसार प्रदान करते हुए इस पत्र प्राप्ति के या सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कारण बताएं कि किन परिस्थितियों में आप अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं, आपके इस लापरवाही एवं कदाचरण के लिए क्यों न कंपनी से आपकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावे। निर्धारित अवधि में जवाब प्राप्त न होने पर आपके अनुपस्थिति दिनांक 21.04.2014 से कंपनी की सेवा से त्याग पत्र दिया हुआ माना जावेगा और कंपनी की सेवाएं छोड़ दी है एवं बचाव के पक्ष में कुछ नही कहना है, तदानुसार आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए अपकी सेवा से बर्खास्त की जावेगी जिसके लिए आप व्यक्तिगत रूप से स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(एस.पी. कुमार)
कर्म क्र. 92313459
कार्यपालन यंत्री (शहर) संभाग
छ.स्टे.पा. डिस्ट्री.कं. लि., अम्बिकापुर


### गौ हत्या के मामले मे बजरंग दल के प्रयास से आरोपी गिरफ्तार

**रामानुजगंज।** क्षेत्र में बढ़ रहे गौ तस्करी व गौहत्या के मामले में बजरंग दल के प्रयास से आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छतवा ग्राम पंचायत में नूर मोहम्मद नामक व्यक्ति एवं उसके परिवार द्वारा एक कार्यक्रम में मवेशी की हत्या किया गया एवं पूरे गांव को दावत दिया गया था। जिस की सूचना मिलते ही हिंदू समाज एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नूर मोहम्मद को पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द किया। जबकि उसके परिवार अन्य लोग फरार हो गए। बजरंग दल सहित हिन्दू संघ लोगों ने फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी से शिकायत की। इधर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को पकड़ कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बजरंग दल के जिला संयोजक जशू केसरी ने बताया की घटना में शामिल सभी आरोपी पकड़े नहीं गए हिंदू समाज एवं बजरंग दल द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।



### सड़क दुर्घटना में घायल पंचायत सचिव की उपचार के दौरान मौत

**बिश्रामपुर।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए पंचायत सचिव केनापारा तेलईकछार निवासी कृष्णा सोनी 57 वर्ष का उपचार के दौरान सोमवार को निधन हो गया।बताया गया कि गत 18 मार्च को घर से पैदल निकलकर टहलने के दौरान बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए थे।प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर बनी रहने से उन्हें रायपुर रेफर किया गया था,लंबे समय तक चले उपचार के दौरान रायपुर रामकृष्ण अस्पताल रायपुर में सोमवार की रात को मौत हो गई। मंगलवार को पंचायत सचिव का पुलिस द्वारा पीएम कराकर शव को परिजनो के सुपुर्द किया गया। पंचायत सचिव कृष्णा सोनी का अंतिम संस्कार शशिपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया,मुखाग्नि उनके पुत्र तरुण सोनी ने दी। कृष्णा सोनी वर्तमान में सूरजपुर जनपद में संलग्न थे।




**सरगुजा मार्केट**

मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
अब आपके शहर अम्बिकापुर में
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज
सलाहकार श्री बालाजी हॉस्पिटल रायपुर
उपलब्ध उपचार
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, एक ही कार्य को बार बार करना, गुस्सा, नींद की कमी, उन्माद,पागलपन, आत्महत्या के विचार, अजीब आभास या सोच, शक करना, किसी काम में मन न लगना,
सिरदर्द, असामान्य दर्द, मिर्गी या झटका, चक्कर खाकर बेहोश हो जाना, बच्चो में चंचलता, मंद बुद्धि, बच्चों एवं बुजुर्गों में याददाश्त की कमी, शराब एवं अन्य नशे की लत शीघ्रपतन, लिंग में कम तनाव, सेक्स समस्या
5 मई 2024 पहले रविवार को अंबिकापुर में उपलब्ध
समय : सुबह 11 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक
एस.आर.एस. हॉस्पिटल
जिला हॉस्पिटल रोड, अंबिकापुर, मो.7987779819, 7880289133
रूद्र मनोरोग क्लिनिक — उपलब्ध सोमवार से शनिवार

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि
LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरूवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
▪ आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
▪ दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
▪ किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
▪ पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
▪ किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केन्द्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

**TOP IN SURGUJA**

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
24/7 EMERGENCY SERVICE
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
चिकित्सक प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.रितेश गुप्ता
डॉ.इति गुप्ता
डॉ.मनीष गुप्ता
दिनांक 5 मई 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता — MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन — MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर | मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्धति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीप:- प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
शुगर, थायराइड , ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड , निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द , UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नवोदय विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**अम्बिकापुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा का वार्षिकोत्सव सोमवार को एडिशनल कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव एवं तहसीलदार केके मिरि ने आतिथ्य में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। अतिथियों ने गणपति की पूजा, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। समारोह की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। विभिन्न प्रांतों के लोकनृत्य की भावभीनी प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत सत्र 2023-24 के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ.एसके सिन्हा ने अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। एडिशनल कलेक्टर श्री ध्रुव ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की सराहना की एवं विद्यालय के विभिन्न मुद्दों पर प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाने का विश्वास दिलाया। शिक्षक राजेश कुमार ने आभार व्यक्त किया।

### पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में युवाओं ने लिया शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प



**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में चुनावी उत्साह की लहर देखने को मिल रही है। इस अवसर पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में टचवुड संस्था और आजाद सेवा संघ द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में युवाओं ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली और 7 मई को होने वाले चुनाव के लिए मतदान केंद्र जाकर अपना मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जेल कल्याण अधिकारी वाणी मुखर्जी, रचित मिश्रा, रानी गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, अभिनव चतुर्वेदी, गगन निगम एवं पीजी कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।

### परीक्षा परिणाम में उभर कर आई बालिकाओं की प्रतिभा, अच्छे अंक देख मुस्कुराए बच्चे



**अम्बिकापुर।** देवीगंज रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर देवीगंज का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में अच्छे अंक पाने वाली बालिकाओं का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष अनिल सिंह मेजर, व्यवस्थापक बसन्त कुमार गुप्ता, व्याख्याता नेहा तिवारी मौजूद थे। कक्षा 9वी में नेहा कुमारी 87 प्रतिशत, स्वाति मण्डल 85 प्रतिशत, सूरज कुमार 84.1 प्रतिशत, 11वीं जीव विज्ञान,गणित से आकांक्षा जायसवाल 92 प्रतिशत, नेहा राजवाड़े 89.2 प्रतिशत, सायली मेढके 84.4 प्रतिशत, वाणिज्य, कला से बॉबी सोनी 82.2 प्रतिशत, प्रतीक करियाम 81.6 प्रतिशत, साधना नेताम ने 79.4 प्रतिशत अंक अर्जित की।

## निधन

### प्रतीक राज गुप्ता



**सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम पेटला निवासी प्रतीक राज गुप्ता का 26 वर्ष की आयु में निधन हो गया। प्रतीक राज विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। जिन्हें उपचार हेतु बिलासपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार की सुबह मांड नदी के तट पर किया जाएगा।

### विभाग की जांच में 440 अतिक्रमण का खुलासा

# महामाया पहाड़ की हरियाली के लिए अवैध अतिक्रमण बना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



दो दशक पूर्व तक अपनी हरियाली एवं वन्य जीवों के आश्रय के रूप में मशहुर महामाया पहाड़ अब पूरी तरह से नंगा हो गया है। वन विभाग वर्षों से पहाड़ की हरियाली लौटाने के लिए लगातार पौधरोपण की खानापूर्ति कर रहा है। पहाड़ी पर लगातार बढ़ रहा अवैध अतिक्रमण पहाड़ की हरियाली के लिए चुनौती बना हुआ है। अपनी हरियाली एवं वन्य जीवों की आश्रय स्थली के रूप में चर्चित महामाया पहाड़ की सुदंरता को अतिक्रमणकारियों की नजर लग गई है। पहले हरे-भरे पेड़ों को उजाड़ने के बाद प्रारम्भ में आसपास के लोगों ने वनभूमि में अतिक्रमण करना प्रारम्भ किया। अतिक्रमणकारियों को भूमि अधिकार पत्र प्रदान करने के बाद अतिक्रमण में अचानक तेजी आई तथा देखते ही देखते पहाड़ पर बस्ती बस गई। वन अधिकारियों को भी पहाड़ पर तेजी से बढ़ रहे अतिक्रमण की जानकारी मिली लेकिन किसी ने भी पहाड़ी की वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की पहल नहीं की। शहर में आवासीय भूखण्डों की कीमतें आसमान पर पहुंचने के कारण पहाड़ पर धड़ल्ले से चल रहे अतिक्रमण ने लोगों को आकर्षित किया तथा लोग रातोंरात वनभूमि पर कब्जा कर अपना घर बनाने लगे। वरिष्ठ अधिकारियों का समर्थन नहीं मिलने के कारण मैदानी अमला भी चुप्पी साधे सबकुछ देखता रहा। इसका नतीजा यह हुआ कि पहाड़ी पर जगह-जगह पक्के मकान बन गए। पहाड़ एवं जंगल की दुर्गति देख लोगों ने आवाज उठाना शुरू किया तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इधर वन अधिकारियों ने न तो कभी जंगल की हरियाली लौटाने की कोशिश की न ही पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त करने की ही कोशिश की। आलोचना से बचने अधिकारी पहाड़ पर प्लांटेशन कराने एवं अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने की खानापूर्ति करते रहे। वर्ष 2021 में भाजपा पार्षद आलोक दुबे एवं भाजयुमो नगर अध्यक्ष निशांत सिंह की शिकायत पर शासन प्रशासन की दखल के बाद विभाग ने जांच कराई तो अतिक्रमण की हकीकत की जानकारी मिली। विभाग की जांच में वनभूमि के कक्ष क्रमांक 2581 एवं 2582 में 440 अवैध अतिक्रमण मिले। पहाड़ पर बड़ी संख्या में अतिक्रमण का खुलासा होने के बाद विभाग ने कई बार अतिक्रमण हटाने की योजना बनाई लेकिन विभिन्न कारणों से योजना कभी सफल नहीं हो सकी। तीन साल पूर्व हुई जांच के बाद पहाड़ पर अभी भी अतिक्रमण का खेल नहीं रूक पाया है तथा लगातार लोग वनभूमि पर कब्जा कर घर बना रहे हैं।

**खास बात**

- नोटिस देने के बाद कार्रवाई करना भूला विभाग

**दी गई है नोटिस**

अतिक्रमण हटाने सभी को नोटिस जारी किया जा चुका है। पूर्व में अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस बल उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्रवाई रोक दी गई थी। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद निर्देशन में कार्रवाई की जाएगी।

-तेजस शेखर, डीएफओ

## पहाड़ पर अतिक्रमण की हकीकत

जानकार बताते हैं कि वर्ष 2015 के पूर्व पहाड़ी की वनभूमि पर अलग-अलग क्षेत्र में आसपास के सौ से अधिक ग्रामीण वनभूमि पर अतिक्रमण कर खेती करना शुरू किए थे जिन्हें कालान्तर में भूमि अधिकार प्रदान किया गया। वर्ष 2015 में अतिक्रमण में अचानक वृद्धि हुई 60 से अधिक लोगों ने वनभूमि पर कब्जा कर लिया। लोगों द्वारा इसकी आवाज उठाने पर तत्कालीन वनमण्डलाधिकारी ने वर्ष 2015 में 74 अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली। वर्ष 2017 में भी विभाग 60 अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने के बाद कार्रवाई करना भूल गया। 2021 की लम्बी जांच में पहाड़ की वनभूमि पर 440 लोगों का अतिक्रमण पाए जाने के बाद विभाग लगातार कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर रहा है। प्रारम्भ में विभाग की सख्ती देख कई अतिक्रमणकारी अपना घर-बार छोड़कर फरार हो गए थे लेकिन बाद में विभाग की स्थिति देख अतिक्रमणकारियों से पहाड़ आबाद हो गया। इसके बाद अन्य लोगों ने भी पहाड़ की भूमि पर अपना घर बना लिया है। छह वन अधिकार धारकों ने तो अपनी 4.227 हेक्टेयर भूमि अन्य लोगों को बेच दी है।

### आसान नहीं है अतिक्रमण हटाना

अतिक्रमणकारियों को मालूम है कि विभाग कभी भी सख्तीपूर्वक अतिक्रमण हटा सकता है। प्रारम्भ में इसको लेकर लोगों में भारी दहशत भी थी। अतिक्रमणकारियों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण अब यह विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। शहर से सटे पहाड़ी को अतक्रमण मुक्त करने के बाद इसे हराभरा करने की मांग वर्षों से उठ रही है। अतिक्रमण की रोकथाम एवं शहरवासियों की आवाजाही बढ़ाने एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने वन विभाग ने पहाड़ी पर ऑक्सीजन पार्क विकसित किया है। अब राज्य सरकार की दखल से ही पहाड़ के अतिक्रमण मुक्त होने की उम्मीद है।

# पूर्व मंत्री टेकाम के वाहन पर पत्थरबाजी, टूटा शीशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- गाड़ी का शीशा हुआ क्षतिग्रस्त
- थाने में की गई शिकायत, चुनाव प्रचार के बाद लौट रहे थे

पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम के वाहन पर पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। पूर्व मंत्री के पीएसओ की ओर से थाने में घटना की शिकायत की गई है जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। इस घटना में पूर्व मंत्री के वाहन का शीशा टूट गया है। बताया जा रहा है कि पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम सोमवार की शाम सूरजपुर जिले में चुनाव प्रचार में निकले हुए थे और उसके बाद वे प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट के दौरे के मद्देनजर जरही होते हुए अंबिकापुर आ रहे थे। इस दौरान भटगांव थाना अंतर्गत बंशीपुर में कुछ अज्ञात लोगों ने उनके वाहन पर पथराव कर दिया। घटना के दौरान पूर्व मंत्री वाहन में ही बैठे हुए थे। इस दौरान के बड़ा पत्थर वाहन में ड्राइवर के सामने शीशे पर आकर लगा जिससे कार का शीशा क्रेक हो गया है। घटना के बाद चालक ने सूझबूझ से वाहन को भागया और भटगांव पुलिस को घटना की जानकारी दी। इस मामले में पूर्व मंत्री के पीएसओ की ओर से भटगांव पुलिस को शिकायत दी गई है। शिकायत के बाद पुलिस टीम भी घटना स्थल गई थी लेकिन फिलहाल पुलिस के हाथ पत्थर बाजों के बारे में कोई जानकारी नहीं लगी है।

**की गई है शिकायत**

पूर्व मंत्री के पीएसओ की ओर से थाने में शिकायत दी गई है। वाहन पर एक पत्थर लगा है और कांच क्षतिग्रस्त हुआ है। शिकायत के बाद पुलिस टीम ने घटना स्थल का जायजा लिया है। पीएसओ व चालक का बयान लिया गया है। इस मामले में जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-राजेंद्र साहू, टीआई भटगांव

# अज्ञात बाइक चालक की टक्कर से शिक्षिका गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- लिफ्ट लेकर सहायक शिक्षक के साथ जाने दौरान हुआ हादसा

सड़क दुर्घटना में शिक्षिका को गंभीर चोट आने पर अपोलो अस्पताल बिलासपुर में बेहतर उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि अंबिकापुर गांधीनगर निवासी शिक्षक प्रार्थी अवध नाथ सूर्यवंशी पिता श्याम बदन सूर्यवंशी गत दिनों 25 अप्रैल को स्कूल से अपनी हीरो होंडा मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 15 सी 4337 में वापस अपने घर लौट रहे थे , इस दौरान शिक्षिका श्रद्धा भारती भी लिफ्ट लेकर इनके साथ बाइक में जा रही थी, लटोरी चौक के पास शिक्षक ने सब्ज़ी ख़रीदने हेतु बाइक को साइड में मोड़ा ,तभी पीछे से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 7193 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए शिक्षक की बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दिया। दुर्घटना में बाइक में पीछे बैठी शिक्षिका श्रद्धा भारती को गंभीर चोट आने पर अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रार्थी शिक्षक अवध नाथ सूर्यवंशी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# दो चरण के चुनाव उपरान्त भाजपा भूल गई 400 पार का नारा : पायलट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने गांधी चौक में नुक्कड़ सभा को किया संबोधित

कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट मंगलवार को सरगुजा पहुंचे। प्रदेश प्रभारी श्री पायलट ने एक दिन में तीन चुनावी सभाएं ली। नुक्कड़ सभा में उन्होंने भाजपा व केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा व कांग्रेस के घोषणाओं की जानकारी दी। श्री पायलट रात को सरगुजा में रूककर चुनावी अभियान की समीक्षा करेंगे।

प्रदेश प्रभारी ने शहर के सद्भावना चौक,, नया बस स्टैंड व गांधी चौक में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम लोगों ने अपने घोषणापत्र में रोजगार, युवा, किसान, महिला के लिए घोषणाएं की है। भाजपा जब उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए माफ कर सकती हैं तो गरीब माता-बहनों के खाते में साल में एक लाख रुपये क्यों नहीं आ सकता है, कांग्रेस ने इसकी गारंटी दी है। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा का जाना तय है, जो सरकार केंद्र में बैठी है वह सिर्फ वादा करती हैं। पहले दो चरण के वोटिंग के बाद भाजपा चार सौ पार के नारे को भूल चुकी है। हार सामने देख मोदी और उनकी पार्टी के नेता अराजक और झूठे भाषण दे रहे है। संवैधानिक संस्थाओं को लगातार कमजोर किया जा रहा है। सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस का खाता सील किया गया।

दो दो मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया यह केंद्र सरकार की हताशा को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों मजदूरों पर केंद्रित कर अपनी योजना बनाई है। महंगाई, बेरोजगारी को देखते हुए आप लोगों को अपने वोट का सदुपयोग करना चाहिए। जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर सिंह देव ने कहा कि भाजपा घर-घर में महंगाई लाई। कांग्रेस गांधी की विचारधारा वाली पार्टी है। भाजपा ने 10 साल पहले चुनाव में बड़े-बड़े वादा किए, लेकिन सरकार ने सभी वर्गो को धोखा देने का काम किया है। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव घोषणा पत्र समिति के संयोजक थे। कार्यक्रम को शफी अहमद, अजय अग्रवाल, राकेश गुप्ता, जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

### 18 हजार रुपए के साथ दो जुआरी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** जुआ खेलने के मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि मलगवां पंचायत भवन के पीछे कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस द्वारा दबिश देकर मौके से दो आरोपियों को पकड़ा गया जबकि अन्य जुवारी भागने में सफल रहे। पुलिस ने मामले में दर्रीपारा निवासी 25 वर्षीय साहिल खान व 38 वर्षीय राकेश सिंह को गिरफ्तार करने के साथ ही 18 हजार 60 रुपए बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों से ताश की पत्ती बरामद करने के साथ ही छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। इस कार्रवाई में सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, विजय रवि, आरक्षक जितेश साहू, मनीष सिंह शामिल रहे।

# नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल



**सूरजपुर।** पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देश पर जिले में नशेड़ियों व नशे के कारोबारियों के विरूद्ध धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बसदेई पुलिस को उस से सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने बसदेई क्षेत्र में बड़ी मात्रा में नशीली इंजेक्शन खपाने आए एक युवक को न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि उसके पास से 10 हजार कीमत की नशीली इंजेक्शन जब्त किया।

पुलिस ने युवक के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त रहे चौकी बसदेई के पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति बाइक से नशीली दवा लेकर ऊंचडीह से बसदेई बस्ती की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम बसदेई में घेराबंदी कर विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम शिवनंदनपुर निवासी बाइक सवार संजय कुमार कुशवाहा आ. हरनारायण कुशवाहा (42 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने युवक के पास से 10 हजार कीमत की नशीली इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने बाइक व नशीली इंजेक्शन को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई विजय सिंह, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक अभय तिवारी, देवदत्त दुबे, अमित सिंह, निलेश जायसवाल व विनय कुजूर सक्रिय रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह अप्रैल 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, कुल योग= | | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

### खबर प्रकाशन के बाद शुरू हुआ नाली निर्माण



**राजपुर।** आधी अधूरी नाली में जाम पानी की बदबू से वार्डवासियों को निजात मिल सकेगी। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन के बाद नगरीय प्रशासन हरकत में आया और अब फिर से बंद पड़े नाली निर्माण का कार्य प्रारम्भ कराया गया है जिसके बाद वार्ड के लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि नगर के वार्ड क्रमांक 4 में पटेल चौक से बाजार रोड तक 60 मीटर नाली का निर्माण कराया जा रहा था। वर्षो से नाली की समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों द्वारा कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद नाली के निर्माण की स्वीकृति मिली थी। नगर पंचायत द्वारा ठेकेदार के माध्यम से 15 दिन पहले शुरू कराया गया था जिसमें ले आउट लेने के साथ ही नाली खोदकर छोड़ दिया गया था। आधी अधूरी नाली में गंदा पानी जमा होने के कारण लोग दुर्गन्ध से परेशान थे और उन्हें बीमारियों का खतरा सता रहा था। आधी अधूरी को लेकर क्षेत्र के पार्षद पूरन चंद जायसवाल व वार्डवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने नपं सीएमओ व ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया था। हरिभूमि द्वारा समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया जिसके बाद नगर पंचायत द्वारा बंद पड़े नाली निर्माण का कार्य फिर से प्रारंभ कराया गया है।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. मोहित गुप्ता<br>MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ | डॉ. हेमन्त कुमार बी<br>MBBS, DCH, DNB<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश |
| डॉ. पूजा<br>MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली ), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ | डॉ. आशीष कुमार जायसवाल<br>एम.डी. फिजीशियन |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय<br>MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ | डॉ. मनोज भारती<br>MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ | सैंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ |
| डॉ. सुरभि<br>BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ | डॉ. हिमांशु गुप्ता<br>MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. विकास गुप्ता<br>MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ | डॉ. जी के दामले<br>MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता<br>MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह<br>MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट | फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी |

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

Rahul Travels
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411